मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 16 नवम्बर, 2000 (कार्तिक 25,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री इन्द्रजीत कुमार, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल (संशोधन) अधिनियम, 1998 (क्रमांक 14 सन् 1998) की धारा 74 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 1996-97 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री घनश्याम पाटीदार, राज्य मंत्री सामान्य प्रशासन, मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 19 के अंतर्गत षष्टम् वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1999 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री रणवीर सिंह, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम नाद में एक महिला के हाथ-पैर काटे जाने की घटित घटना की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बृजमोहन बद्रीनारायण, सदस्य, देवास जिले में सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी न होने की ओर राज्यमंत्री सहकारिता का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, राजधानी भोपाल के सर्वधर्म कॉलोनी से ग्राम अकबरपुरा तक स्थित कॉलोनियों में कोलार पाईप लाईन से जल प्रदाय कराये जाने, तथा

(2) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम तेन्दुहा के झोपड़ीवासियों को आवासीय एवं कृषि भूमि दिलाये जाने,

के सम्बन्ध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5.शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री इन्द्रजीत कुमार, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व विधेयक, 2000 (क्रमांक 28 सन् 2000) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(2) श्री महेन्द्र बौद्ध, गृह मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश विशेष क्षेत्र सुरक्षा विधेयक, 2000 (क्रमांक 29 सन् 2000) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

6. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय 3 घन्टे (शेष 35 मि.)	मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा का पुनर्ग्रहण.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 15 नवम्बर, 2000